**प्रेस नोट**
**दिनांक – 19.10.2025**
**जनपद – गोण्डा**

**मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, पुलिस महानिरीक्षक दोवीपाटन परिक्षेत्र व पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा थाना वजीरगंज में मिशन शक्ति केंद्र का उद्घाटन**

**महिलाओं, छात्राओं एवं समाजसेविकाओं के साथ संवाद कर उन्हे सम्मानित किया गया तथा नारी सशक्तिकरण की दिशा में दिया नया संदेश**

आज दिनांक 19.10.2025 को शासन द्वारा संचालित "मिशन शक्ति 5.0" अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन श्री मुथा अशोक जैन, पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र श्री अमित पाठक व पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा थाना वजीरगंज परिसर में मिशन शक्ति केंद्र का उद्घाटन किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक महोदय ने थाना वजीरगंज में निर्मित मिशन शक्ति केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस केंद्र की स्थापना का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करना है। यहाँ पर महिला हेल्प डेस्क, शिकायत पंजीकरण सुविधा, परामर्श एवं कानूनी मार्गदर्शन केंद्र सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं, ताकि किसी भी प्रकार की उत्पीड़न या हिंसा की शिकार महिला या बालिका को त्वरित सहायता मिल सके।
उद्घाटन के उपरांत आयोजित महिला सम्मेलन में श्री मुथा अशोक जैन ने कहा कि "मिशन शक्ति केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि यह महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास का जीवंत प्रतीक है। समाज तभी प्रगतिशील बन सकता है जब महिलाएँ निडर होकर आगे बढ़ें और हर क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाएँ।"

उन्होंने छात्राओं और महिलाओं से साइबर अपराध, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, सोशल मीडिया सुरक्षा आदि विषयों पर संवाद किया और कहा कि ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत महिला हेल्पलाइन 1090, डायल 112 या नजदीकी थाने में दें। उन्होंने पुलिस को भी निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता, त्वरितता एवं पारदर्शिता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति अभियान में उत्कृष्ट योगदान करने वाली 10 महिलाओं को अपर पुलिस महानिदेशक महोदय एवं पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।
सम्मानित महिलाओं में–

1. श्रीमती मिथिलेश विश्वकर्मा – आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जिन्होने अपने कार्यो के अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं बालिकाओं को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरुक किया गया ।
2. श्रीमती पूजा एवं श्रीमती गीता – स्वयं सहायता समूह संचालक, इनके द्वारा मिशन शक्ति अभियान में बढ चढकर हिस्सा लेते हुए महिलाओं के जागृत कर सरकारी योजनाओं के बारे में जागरुक किया गया ।
3. श्रीमती कर्मपता – पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जिन्होंने पंचायत स्तर पर महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
4. श्रीमती सुमन – महिला चौकीदार, जिन्होंने अपने दायित्वों के निर्वहन के अतिरिक्त थाने स्तर पर महिला सुरक्षा एवं बालिकाओं की सुरक्षा की दृष्टि से मिशन शक्ति अभियान में सतर्क भूमिका निभाई।
5. श्रीमती रीता सिंह एवं श्रीमती पिंकी देवी – सामाजिक महिला कार्यकर्ता, जोकि भिन्न भिन्न क्षेत्रों में महिलाओं/बालिकाओं के घरेलू हिंसा/यौन शोषण आदि को रोकने हेतु प्रयासरत् रहती हैं तथा मिशन शक्ति अभियान को गाँवों तक पहुँचाने में अहम योगदान दिया।
6. महिला उप निरीक्षक (म0उ0नि0) अंतिमा सिंह, महिला आरक्षी सोनम सिंह तथा महिला आरक्षी साधना यादव जिन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर सतत कार्य करते हुए कई पीड़िताओं को त्वरित न्याय दिलाने में योगदान दिया। तथा थाना क्षेत्रों के

जाकर गाँव/मोहल्लों/स्कूलों/बाजारों आदि में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत शासन द्वारा चलाई जा रहीं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में महिलाओं को जागरूक किया गया।
उक्त महिलाओं की कार्यकुशलता एवं समर्पण भाव की सराहना करते हुए एडीजी श्री मुथा अशोक जैन ने कहा कि "ये महिलाएँ मिशन शक्ति की सच्ची प्रेरणा हैं, जिन्होंने नारी सशक्तिकरण को धरातल पर साकार किया है।"

**जनजागरूकता एवं सहभागिता का आह्वान**

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल ने कहा कि मिशन शक्ति केंद्र महिलाओं के लिए सुरक्षा, सहायता एवं सशक्तिकरण का एकीकृत मंच बनेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे समाज में व्याप्त नकारात्मक सोच के विरुद्ध आवाज़ उठाएँ और महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने में सहयोग करें। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के तहत चलाए जा रहे स्कूलों व कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी और कहा कि गोण्डा पुलिस महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति ने उन्हें अपने अधिकारों की जानकारी दी और यह विश्वास भी दिलाया कि पुलिस हमेशा उनके साथ खड़ी है।

***इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह, थाना प्रभारी वजीरगंज व अन्य पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण, समाजसेवी, स्वयं सहायता समूह की सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, विद्यालयों की छात्राएं एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।***

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 19.10.2025**
**दीपोत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत शांति सुरक्षा व्यवस्था-**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा अयोध्या में आयोजित भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम को सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु गोण्डा-अयोध्या बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था का लिया गया जायजा तथा चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था हेतु संबंधित को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश-**

आज दिनांक 19.10.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अयोध्या में आयोजित भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम को सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु गोण्डा-अयोध्या बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा गोण्डा अयोध्या बार्डर क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर आमजन से शांति सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में वार्ता की गयी।
महोदय द्वारा बताया गया की अयोध्या में आयोजित भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु स्थानीय अभिसूचना इकाई के द्वारा हैण्ड हेल्ड मेटेल डिटेक्टर के माध्यम से व डॉग स्क्वायड द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/बस्तुओं एवं वाहनों की जगह- जगह चेकिंग करायी जा रही है। गोण्डा-अयोध्या बार्डर व सीमावर्ती क्षेत्र/गाँवों में ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी कर अराजकतत्वों/संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। ड्रोन कैमरों से अयोध्या बार्डर/सीमावर्ती क्षेत्रों के भवनों, प्रतिस्थानों, संदिग्ध स्थानों पर निगरानी की जा रही है। साथ ही साथ लगातार नवाबंगज पुलिस द्वारा गोण्डा-अयोध्या बार्डर, कटरा रेलवे स्टेशन, सरयू सीमावर्ती क्षेत्रो में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जा रही है। गाँवों में भ्रमण के दौरान लोगो से वार्ता कर किसी भी नये व्यक्तियों के आने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा बिना पुलिस सत्यापन के नही रखने हेतु हिदायत किया ज रहा है। गोण्डा-अयोध्या बार्डर सीमा के आस-पास होटलों, ढाबों, दुकानों आदि की सघनता से चेकिंग व रूट डायवर्जन कर कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स लगा दिया गया है तथा पुराने सरयू पूल पर आवगमन पूर्णतः बन्द कर दिया गया है। गोण्डा पुलिस गोण्डा अयोध्या सीमावर्ती किनारों की चेकिंग कर शान्ति एंव सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी निगरानी की जा रही है। साथ ही साथ सभी से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार के आपसी सौहार्द खराब करने वाले वीडियो पोस्ट/शेयर करने से बचे, सोशल मीडिया मानिटरिंग सेन्टर की स्पेशल टीम द्वारा लगातार सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म (ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप ग्रुप आदि) की निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट/शेयर करने वालों के विरुद्ध गोंडा पुलिस द्वारा कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**